भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग
........

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 148**

(22 नवम्बर, 2011 को उत्तर दिए जाने के लिए)

**मध्य प्रदेश से प्राप्त स्वर्ण जयंती स्वरोजगार योजना के प्रस्तावों का निपटारा**

**148. श्रीमती माया सिंहः**

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोगार योजना के तहत मध्य प्रदेश शासन से गत 3 वर्षों में कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) गत तीन वर्षों में प्राप्त प्रस्तावों में से कितने प्रस्तावों पर संस्तुति दी गई है;

(ग) क्या इन प्रस्तावों के निपटारे हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है;

(घ) क्या इन प्रस्तावों में लंबा समय लगने के कारण विकास संबंधी कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रदीप जैन 'आदित्य' )**

(क) और (ख): विगत तीन वर्षों (2008-09, 2009-10 और 2010-11) के दौरान मंत्रालय को मध्य प्रदेश राज्य सरकार से एसजीएसवाई के अंतर्गत 23 विशेष परियोजना प्रस्ताव मिले थे। इनमें से 4 प्रस्ताव अनुमोदित एवं मंजूर किए गए थे।

(ग) से (ङ): मंत्रालय अनुमोदन/मंजूरी के लिए स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विशेष परियोजना प्रस्ताव प्राप्त करता है। 2006-07 के बाद से मंत्रालय एसजीएसवाई के अंतर्गत विशेष परियोजनाओं के रूप में केवल नियोजन से जुड़ी कौशल विकास परियोजनाओं पर विचार करता है एवं उन्हें मंजूरी देता है। एसजीएसवाई के अंतर्गत विशेष परियोजनाओं के दिशा-निर्देशों के अनुपालन को ध्यान में रखते हुए सभी प्रस्तावों की जांच की जाती है। दिशा-निर्देशों के बुनियादी मानदंडों का अनुपालन करने वाले प्रस्तावों का दो अंतर-मंत्रालय समितियों के जरिए उनकी जांच एवं अनुमोदन के लिए मूल्यांकन किया जाता है। निधियों की उपलब्धता के आधार पर विशेष परियोजनाओं की मंजूरी एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है।

*****